ECONOMICS (OPTIONAL) — PAPER II

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2018

अर्थशास्त्र (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र II

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/economics/paper-2/2018.

10-MARK QUESTIONS

10 questions

1. Do you agree that MGNREGA has been plagued with rampant malpractices, leakage of funds and diversion of resources? Give reasons. **10**

क्या आप सहमत हैं कि 'मनरेगा' सर्वत्र व्यापी अनाचारों निधियों के रिसन और संसाधनों के विपथन से ग्रसित रहा है ? कारण बताइये ।

2. Do you agree with the view that the objective of industrial and commercial policies of British was to transform India as a complementary economy of England? Give reasons. **10**

क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि अंग्रेजों की औद्योगिक तथा वाणिज्यिक नीतियों का उद्देश्य भारत को इंग्लैंड की पूरक अर्थव्यवस्था में बदल देना था ? कारण बताइये ।

3. Horticulture is now the growth driver of Indian Agriculture. Discuss the issue in the broad context of rural diversification. **10**

अब उद्यान कृषि भारतीय कृषि का संवृद्धि संचालक है। ग्रामीण विविधीकरण के व्यापक संदर्भ में इस मुद्दे पर परिचर्चा कीजिए ।

4. How did V. K. R. V. Rao improve upon the earlier national income estimates of India? **10**

वी. के. आर. वी. राव ने भारत के अपने से पूर्व के राष्ट्रीय आय प्राक्कलनों में किस प्रकार सुधार किया था ?

5. Explain how multi-dimensional poverty index is computed. **10**

स्पष्ट कीजिये कि किस प्रकार बहु-आयामी निर्धनता सूचकांक का अभिकलन किया जाता है।

6. Elaborate on the phenomenon of 'missing middle' in Indian manufacturing sector. **10**

भारत के विनिर्माण क्षेत्रक में 'लुप्त मध्य' की परिघटना पर विस्तार से प्रकाश डालिये ।

7. How did Gold Bullion Standard end with 'ratio controversy' in British India? **10**

ब्रिटिश भारत में, स्वर्ण बुलियन मानक का किस प्रकार 'अनुपात विवाद' के साथ अंत हुआ था ?

8. Explain why the use of organic farming should be encouraged in India. **10**

समझाइए कि भारत में जैविक खेती के इस्तेमाल को किस कारण प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ।

9. How can the organised manufacturing sector be revived as an engine of inclusive growth? **10**

संगठित विनिर्माण क्षेत्रक को किस प्रकार समावेशी संवृद्धि के एक इंजन के रूप में पुनर्जीवित किया जा सकता है ?

10. Critically examine the relative contributions of public and private sectors in the pre-liberalisation period in India. **10**

भारत में उदारीकरण-पूर्व अवधि में सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रकों के सापेक्ष योगदानों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये ।

15-MARK QUESTIONS

12 questions

11. Analyse the salient features of 'interest subvention scheme' and its implications on the farm sector. **15**

'ब्याज सहायतार्थ अनुदान योजना' के प्रमुख अभिलक्षणों और फार्म क्षेत्रक पर उसके निहितार्थों का विश्लेषण कीजिये ।

12. 'British rule led to India's underdevelopment'. Do you agree? Give reasons in support of your answer. **15**

'ब्रिटिश शासन के फलस्वरूप भारत का अल्पविकास हुआ' । क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइये ।

13. How would you justify the policy of land reforms in the light of the farm size - productivity debate in India? **15**

भारत में फार्म आकार-उत्पादकता बहस के प्रकाश में, भूमि सुधारों की नीति को आप किस प्रकार न्यायसंगत बतायेंगे ?

14. Reflect on the relationship among economic growth, inequality and poverty in the post-reform period in India. **15**

भारत में सुधारोत्तर अवधि में आर्थिक संवृद्धि, असमता एवं निर्धनता के बीच संबंध पर प्रकाश डालिये ।

15. The chequered fiscal history of India of the last fifteen years has been a saga of fiscal prudence on the part of the States and fiscal profligacy by the Centre. Do you agree? Give reasons. **15**

पिछले पंद्रह वर्षों का भारत का उतार-चढ़ाव वाला राजकोषीय इतिहास, राज्यों की ओर से राजकोषीय विवेक का तथा केन्द्र के द्वारा राजकोषीय फिजूलखर्ची का इतिहास रहा है। क्या आप सहमत हैं ? कारण बताइये ।

16. Explain the problems faced by jute mills in India during the early years of their existence. **15**

अपने अस्तित्व के प्रारंभ के वर्षों के दौरान भारत में पटसन मिलों के सामने आई समस्याओं को स्पष्ट कीजिये ।

17. Throw light on the poverty debate in the pre-liberalisation era in India. **15**

भारत में उदारीकरण-पूर्व काल में निर्धनता सम्बन्धी बहस पर प्रकाश डालिये ।

18. Describe the salient features of TRIMS. How has it impacted the textile and clothing sector in India? **15**

'ट्रिम्स' के प्रमुख अभिलक्षणों का वर्णन कीजिए। इसने भारत में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्रक पर किस प्रकार प्रभाव डाला है ?

19. Do you think that the green revolution had limited impact on Indian agriculture? Justify your answer. **15**

क्या आपके विचार में हरित क्रांति का भारतीय कृषि पर सीमित प्रभाव था ? अपने उत्तर का औचित्य दीजिये ।

20. The state-controlled section of India's banking sector continues to be a major problem for policy makers. Do you agree? Give reasons in support of your answer. **15**

भारत के बैंकिंग क्षेत्रक का राज्यनियंत्रित खंड नीति निर्माताओं के लिए एक प्रमुख समस्या बनी हुई है। क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर की पुष्टि के लिए कारण प्रस्तुत कीजिए ।

21. Why should FDI be preferred over FPI? Comment on government's initiatives in this respect. **15**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफ. पी. आई) पर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ. डी. आई) को किस कारण तरजीह दी जानी चाहिए ? इस संबंध में सरकार की पहलों पर टिप्पणी कीजिए ।

22. How the setting-up of NITI Aayog has changed the planning perspective in India? Explain. **15**

नीति आयोग की स्थापनाने भारत में किस प्रकार आयोजना परिप्रेक्ष्य को परिवर्तित कर दिया है ? स्पष्ट कीजिए ।

20-MARK QUESTIONS

6 questions

23. Reflect on issues and implications of structural transformation in India's national income. **20**

भारत की राष्ट्रीय आय में संरचनात्मक रूपांतरण से सम्बन्धित मुद्दों तथा निहितार्थों पर प्रकाश डालिये ।

24. Examine the features of permanent land settlement as introduced by Lord Cornwallis. **20**

स्थायी भूमि व्यवस्था (परमेनैंट लैंड सैटलमेंट) के, जैसी कि लार्ड कार्नवालिस ने प्रस्तुत की थी, अभिलक्षणों का परीक्षण कीजिए ।

25. Comment on the new initiatives taken by the government to facilitate investment and ease of doing business. **20**

निवेश को सरल बनाने तथा कारोबार करने की सुगमता के लिए सरकार द्वारा की गई नई पहलों पर टिप्पणी कीजिये ।

26. Demonetisation has been a radical and unprecedented step with short-run costs and long-term benefits. Give reasons in support of this statement. **20**

विमुद्रीकरण अल्पावधि परिव्ययों और दीर्घकालीन लाभों सहित एक मूलक (रैडिकल) और अभूतपूर्व कदम रहा है। इस कथन के समर्थन में कारण प्रस्तुत कीजिए ।

27. Do you agree that fiscal slippage in the recent past is structural in nature? Also suggest road map for fiscal consolidation in the next few years. **20**

क्या आप सहमत हैं कि हाल के कुछ वर्षों में राजकोषीय फिसलन की प्रकृति संरचनात्मक रही है ? साथ ही अगले कुछ वर्षों में राजकोषीय समेकन के लिए विस्तृत रास्ता (रोड मैप) सुझाइये ।

28. Do you believe that capital account convertibility is feasible under the present circumstances in India? Explain. **20**

क्या आपका विश्वास है कि भारत में वर्तमान परिस्थितियों के अधीन पूंजी खाता परिवर्तनीयता साध्य है ? स्पष्ट कीजिए ।